able Agriculture in September, 1992 and if so, what are the salient recommendations which would be relevant to our country; and

(b) whether a similar set up for carrying out such indepth studies would be instituted in the country and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURB (SHRI ARVIND NETAM); (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

तरल दूध की खपत

4437. श्री राम जेठमलानी :

डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में दुग्ध-उत्पादन की मात्रा में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो छठी तथा सातवीं पंचवर्षीय योजनाओं के अंत में दुग्ध-उत्पादन की क्रमश: मात्रा क्या-क्या थी और इस संबंध में आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ग) उपर उल्लिखित प्रत्येक योजना की अवधि के दौरान तरल दूध की प्रति-व्यक्ति खपत कितनी थी तथा आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान तरल दुध की प्रति-व्यक्ति कितनी खपत होने का अनुमान है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) और (ख) जी, हां। छठीं तथा सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक दुग्ध उत्पादन की मात्रा क्रमश: 41.5 तथा 51.4 मिलियन टन थी। आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक दुग्ध उत्पादन का लक्ष्य 70 मिलियन टन रखा गया है।

(ग) छठी और सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रति व्यक्ति दूध की खपत तथा आठवीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य इस प्रकार हैं :–

अवधि	प्रति व्यक्ति प्रति दिन दूध की खपत (ग्राम)
छठी योजना (1984–85) वास्तविक	154
सातवीं योजना (1989–90) वास्तविक	171
आठवीं योजना (1996–97) लक्ष्य	204

अल्प-पोषण के संबंध में पोषण संस्थान हैदराबाद का प्रतिवेदन

4438. श्री अनन्त राम जायसवाल : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में जनसंख्या के बहुत बड़े हिस्से को उनके पोषण के लिए आवश्यक भोजन की न्यूनतम कैलरी भी नहीं मिल पाती है जैसा कि हैदराबाद स्थित पोषण संस्थान ने कहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस स्थिति को दूर करने के लिए कोई कार्य योजना सरकार के विचाराधीन है;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) से (ङ) संगत सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।